# यूपी बनेगा सबसे ज्यादा हवाई अड्डों वाला राज्य

in Uncategorized, उत्तर प्रदेश, बड़ी खबरें, लखनऊ, विविध  February 23, 2021  0  85 Views




लखनऊ। यूपी देश में सबसे ज्यादा हवाई सेवाओं वाला राज्य बनने जा रहा है। योगी सरकार ने राज्य में हवाई सेवाओं के चौतरफा विस्तार की गति तेज कर दी है । लखनऊ,वाराणसी और अयोध्या समेत यूपी में बहुत जल्द 5 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे होंगे। यूपी में हवाई सेवाओं के विस्तार का ब्योरा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीति आयोग की बैठक में पेश कर दिया है। कुशीनगर को इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए डीजीसीए का लाइसेंस मिल गया है।

कुशीनगर यूपी का तीसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। नीति आयोग में पेश योजना के मुताबिक लखनऊ, वाराणसी समेत अयोध्या, कुशीनगर और गौतमबुद्ध नगर से भी बहुत जल्द दुनिया के विभिन्न देशों के लिए सीधी हवाई सेवा की सुविधा उपलब्ध होगी। । मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी,आगरा,गोरखपुर, कानपुर,,प्रयागराज और हिण्डन एयरपोर्ट से हवाइ सेवाएं संचालित हो रही हैं। 15 दिन के भीतर बरेली हवाई अड्डे से भी हवाई सेवाओं की शुरुआत कर दी जाएगी। इसके लिए 8 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। नीति आयोग में पेश की गई योजनाओं के मुताबिक प्रदेश के 10 अन्य जगहों पर भी एयरपोर्ट के विकास का काम तेजी से चल रहा है।

इसके साथ ही हवाई अड्डों को बेहतर कनेक्टिविटी और जन सुविधा के लिहाज से प्रदेश में 17 एयरपोर्ट टर्मिनल्स को कम से कम 2 लेन मार्ग से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार की योजना प्रदेश के हर क्षेत्र को हवाई सेवाओं से जोड़ते हुए आम लोगों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित हवाई सेवाएं उपलब्ध कराने की है। गौरतलब है कि हवाई सेवाओं के लिहाज से देश में फिलहाल केरल, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्य आगे हैं। नए हवाई अड्डे तैयार होने और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या 5 होने के बाद यूपी देश में हवाई सेवाओं के मामले में भी सबसे आगे होगा।